भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1657**

**30 जुलाई, 2025 के लिए प्रश्न**

## उज्जैन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम

**1657. श्री अनिल फिरोजिया:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अंतर्गत वर्तमान में उज्जैन जिले में कितने परिवार लाभान्वित हुए हैं और विगत तीन वर्षों के दौरान उनकी संख्या में कितनी वृद्धि दर्ज हुई है;

(ख) उज्जैन जिले में उपभोक्ता फोरम के समक्ष कितने मामले लंबित पड़े हुए है और इनके निपटान में औसतन कितना समय लगा;

(ग) उज्जैन जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के डिजिटलीकरण, पारदर्शिता और शिकायत निवारण हेतु क्या प्रयास किए गए हैं; और

(घ) क्या उज्जैन जिले में भारतीय खाद्य निगम या राज्य भंडारण निगम द्वारा संचालित गोदामों की भंडारण क्षमता सीमित है और यदि हां, तो सरकार की नई भंडारण इकाइयाँ स्थापित करने हेतु योजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क):** वर्तमान में, उज्जैन जिले में एनएफएसए के तहत निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या 11,99,012 है।

**(ख):** दिनांक 30.06.2025 तक उज्जैन जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (डीसीडीआरसी) में 1312 मामले लंबित हैं।

...2/-

**(ग):** प्रौद्योगिकी आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) सुधारों के एक भाग के रूप में, पीडीएस में दक्षता और पारदर्शिता में सुधार लाने के उद्देश्य से, मध्य प्रदेश (उज्जैन सहित) में राशन कार्डों/लाभार्थियों के डेटाबेस का पूर्णतः डिजिटलीकरण (100%) किया गया है। पारदर्शिता पोर्टल और ऑनलाइन शिकायत निवारण सुविधा/टोल-फ्री नंबर मध्य प्रदेश (उज्जैन सहित) में लागू किया गया है। साथ ही, मध्य प्रदेश (उज्जैन सहित) में ऑनलाइन आबंटन और आपूर्ति श्रृंखला का कम्प्यूटरीकरण किया गया है।

**(घ):** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में भारतीय खाद्य निगम द्वारा संचालित गोदामों की क्षमता 18792 टन है।

इसके अतिरिक्त, उज्जैन में राज्य सरकार का 50,000 टन क्षमता का एक साइलो भी है।

इसके अलावा, भारतीय खाद्य निगम द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) पद्धति के तहत उज्जैन में 75,000 टन क्षमता का एक और साइलो निर्मित किया जा रहा है।

*****